चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ
**CH. CHARAN SINGH UNIVERSITY, MEERUT**

आर०ओ०/214
पत्रांकः–~~सी०ए०~~/
दिनांक : 07.02.2026

सेवामें,

समस्त प्राचार्य/प्राचार्या/सचिव/निदेशक

समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय/संस्थान

चौधरी चरण सिंह वि०वि० मेरठ।

**विषयः**–प्रदेश में युवाओं के तकनीकी सशक्तिकरण हेतु टैबलेट/स्मार्ट फोन वितरण योजना के अन्तर्गत उत्तर प्रदेश के समस्त महाविद्यालयों/संस्थानो एवं डिपार्टमेन्ट को डिजीशक्ति पोर्टल पर अपने स्टूडेंट का डेटा अपलोड कराने एवं स्मार्ट फोन प्राप्त कराने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके अन्तर्गत जनपद के डिजीशक्ति पोर्टल पर प्रदर्शित PENDECNY REPORT में आपके संस्थान/महाविद्यालय की सूची के अनुसार स्मार्ट फान/टैबलेट का वितरन जनपद स्तर पर अभी तक नही किया गया है। शासन स्तर पर लगातार हो रही समीक्षा में इस स्थिति को संस्थान स्तर पर प्रतिकूल दृष्टि से देखा जा रहा है। इसके साथ ही आपको प्रदान की गयी प्रत्येक डिवाईस का Digishakti portal पर अवितरित प्रदर्शित होना आपके संस्थान की लापरवाही को भी दर्शाता है। अद्योहस्ताक्षरी द्वारा आपके संस्थान के नोडल अधिकारी से कई बार दूरभाष पर वार्ता की गयी एवं मीटिंग में निर्देश देने के बाद भी अभी तक शत–प्रतिशत स्मार्ट फोन/टैबलेट का वितरण नही किया गया है। जिसके कारण जनपद की रैंक सी०एम० डैशबोर्ड पर खराब हो रही है। उक्त योजना सी०एम० डेशबोर्ड पर प्रदर्शित है, जिसकी समीक्षा समय–समय पर, जिलाधिकारी महोदय, मा० मुख्य सचिव महोदय एवं मा० मुख्यमन्त्री महोदय उत्तर प्रदेश शासन,लखनऊ द्वारा की जा रही है। पोर्टल पर वितरण की खराब स्थिति के कारण जनपद की माह जनवरी 2026 की सी०एम०.डेशबोर्ड पोर्टल पर रैंक प्रभावित हो रही है।

अतः उक्त के परिप्रेक्ष्य में आपसे अनुरोध है कि महाविद्यालयों/ संस्थान स्तर पर लंबित स्मार्ट फोन एवं टैबलेट का वितरण कर Digishakti portal पर अपडेट करते हुये इसे कार्यालय अवगत कराने का कष्ट करे। इसमे शिथिलता ना बरती जाय। व्यक्तिगत ध्यान अपेक्षित है।

भवदीय
7-2-26
कुलसचिव

<u>प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ प्रेशित :–</u>

01. सचिव कुलपति को मा० कुलपति जी के सूचनार्थ प्रेशित।
02. क्षेत्रिय उच्च शिक्षा अधिकारी, मेरठ।

07-2-26
कुलसचिव